पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए नेता

- भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब और सह प्रभारी रेखा वर्मा का राजधानी पहुँचने पर स्वागत
- नव नियुक्त प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर भी पहुँचे भोपाल, विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल
- बूथ कार्यकर्ताओं के घर पहुंचकर किया भोजन और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा ने बुधवार को भोपाल प्रवास के दौरान पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने प्रदेश कार्यालय में दोनों नेताओं तथा प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। विमानतल पर भी पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

बिप्लब कुमार देब और रेखा वर्मा ने लालघाटी स्थित गुफा मंदिर के बूढ़े हनुमान मंदिर में दर्शन और पूजन कर देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद देब ने पूर्व राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी तथा विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के निवास पर पहुंचकर उनसे सौजन्य भेंट की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल और बिप्लब कुमार देब भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 32 के बूथ क्रमांक 69 की कार्यकर्ता मीना जाटव के शास्त्री नगर स्थित निवास पर पहुंचे और परिवार के साथ भोजन किया। वहीं कोटरा सुल्तानाबाद स्थित वीर सावरकर बाल उद्यान में वीर सावरकर को नमन करने के बाद बूथ अध्यक्ष मुकेश गुप्ता के निवास पर चाय पर कार्यकर्ताओं से संवाद किया। रेखा वर्मा ने अरेरा कॉलोनी स्थित बूथ कार्यकर्ता रंजना प्रसाद के निवास पर भोजन किया। इसके बाद सेवा संकल्प अभियान के तहत शाहपुरा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचकर कार्यकर्ताओं का सम्मान किया और बच्चों को फल वितरित किए। उन्होंने परिसर में पौधारोपण कर लाभार्थियों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, हेमंत खण्डेलवाल, बिप्लब कुमार देब और रेखा वर्मा ने प्रदेश कार्यालय में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया। एक अक्टूबर को प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों, संभाग प्रभारियों और मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों की बैठक होगी। इससे पहले रेखा वर्मा बोर्ड ऑफिस चौराहे पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी।

'ऑन टाइम एवरी टाइम' ने मुंबई के डब्बावालों को दिलाई वैश्विक पहचान



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुंबई डब्बावालों की 136 वर्ष पुरानी सफलता की कहानी पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।

मुंबई डब्बावाला एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ सुनील गवांडे ने कहा कि उनकी पहचान 'ऑन टाइम एवरी टाइम' है। उन्होंने बताया कि करीब 5 हजार डब्बावाले प्रतिदिन लगभग दो लाख ग्राहकों तक टिफिन पहुंचाते हैं। गवांडे ने कहा कि सीमित औपचारिक शिक्षा के बावजूद डब्बावाले समय प्रबंधन, टीमवर्क और व्यवसाय संचालन के गुर जानते हैं। 1890 में 35 डब्बावालों से शुरू हुई सेवा आज मुंबई के 60 से 70 किलोमीटर क्षेत्र तक पहुंच चुकी है। प्रत्येक डब्बावाला साइकिल से सेवा देता है और संगठन में अब तक हड़ताल नहीं हुई। उन्होंने बताया कि 2017 में डब्बावाला एंटरप्राइजेज कंपनी बनी, जिसमें डब्बावाले ही शेयरधारक हैं। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने इसे समय प्रबंधन और अनुशासन का बेहतरीन उदाहरण बताया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अविनाश वाजपेई ने किया।

सप्रे संग्रहालय में अलंकरण समारोह 3 को

नप्र, भोपाल : ज्ञानतीर्थ सप्रे संग्रहालय में अलंकरण समारोह का आयोजन 3 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओमप्रकाश रावत होंगे। अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु अनुपम राजन करेंगे। समारोह में प्रोफेसर प्रमोद कुमार को डॉ. हरिकृष्ण दत्त शिक्षा सम्मान, गोविंद सक्सेना को अशोक मानोरिया पुरस्कार और पारितोष वर्मा को डॉ. लक्ष्मीनारायण गुप्त पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

मुख्य सचिव से मिलीं बाल अधिकार आयोग की अध्यक्ष

नप्र, भोपाल : मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल से मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. निवेदिता शर्मा ने बुधवार को भेंट कर प्रदेश में बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान बच्चों के अधिकारों के संरक्षण, उनकी शिकायतों के त्वरित निराकरण और विद्यालयों में बच्चों के लिए बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। डॉ. शर्मा ने मुख्य सचिव के समक्ष विद्यालयों में शौचालयों की स्थिति, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, बालिका गरिमा सूचकांक, प्रायोजन तथा बाल संरक्षण से संबंधित विषयों को प्रमुखता से रखा। उन्होंने बताया कि बच्चों, विशेषकर बालिकाओं की गरिमा, सुरक्षा और आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए विभागीय स्तर पर प्रभावी समन्वय जरूरी है। बैठक में आयोग द्वारा प्रदेश स्तर पर बच्चों की शिकायतों के निराकरण के लिए शिविर आयोजित करने के संबंध में भी चर्चा हुई। इन शिविरों के माध्यम से बच्चों और उनके अभिभावकों की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर सुनकर उनके त्वरित समाधान की दिशा में कार्रवाई किए जाने पर विचार किया गया।

सोयाबीन तेल से भरा टैंकर पलटा



सड़क पर फैला तेल भरने उमड़ी भीड़, टायर फटने से हुआ हादसा, चालक और क्लीनर को आई मामूली चोटें, पुलिस ने संभाली स्थिति

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी भोपाल के वीआईपी रोड स्थित कोहेफिजा चौराहे पर सोयाबीन तेल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे हुआ। दुर्घटना में टैंकर चालक और क्लीनर को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सामान्य बताया गया।

टैंकर रेत घाट से लालघाटी की ओर जा रहा था। इसी दौरान कोहेफिजा चौराहे के पास अचानक टायर फट गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और टैंकर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद टैंकर में भरा सोयाबीन तेल सड़क पर फैल गया।

तेल फैलने की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। कई लोग डिब्बे और अन्य बर्तन लेकर सड़क पर फैला तेल भरने लगे। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की लंबी कतार लग गई। स्थिति को देखते हुए पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद कोहेफिजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित किया। पुलिस ने यातायात व्यवस्था को भी संभाला, क्योंकि सड़क पर तेल फैलने से आवागमन प्रभावित हो गया था।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार हादसे के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि टैंकर में कुल कितना तेल भरा हुआ था और दुर्घटना के बाद कितनी मात्रा में तेल सड़क पर फैला। हादसे में किसी बड़ी जनहानि की सूचना नहीं है।

500 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान कल

भोपाल। सामाजिक संगठन हिंदू दर्पण द्वारा मेधावी छात्र-छात्रा अभिनंदन समारोह का आयोजन 2 अक्टूबर को शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ओल्ड कैंपियन में किया जाएगा। समारोह में 500 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, विधायक भगवानदास सबनानी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामविलास मालवीय करेंगे, जबकि वरिष्ठ पत्रकार पं. रमेश शर्मा मुख्य वक्ता होंगे। संगठन के संयोजक सुखेंद्र मिश्रा ने बताया कि यह आयोजन लगातार 13 वर्षों से किया जा रहा है।

चैंबर चुनाव में अब दो साल पुराने सदस्य भी अजमा सकेंगे किस्मत



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की वार्षिक साधारण सभा बुधवार को गुजराती समाज भवन, टीटी नगर में हुई। सभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक प्रतिवेदन, ऑडिट रिपोर्ट और बैलेंस शीट सहित विभिन्न वैधानिक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। अंकेक्षक की पुनर्नियुक्ति तथा पिछली एजीएम की कार्यवाही का भी अनुमोदन किया गया।

चैंबर अध्यक्ष गोविंद गोयल ने बताया कि कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम सदस्यता अवधि पांच वर्ष से घटाकर दो वर्ष करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। अब दो वर्ष की सदस्यता पूरी कर चुके सदस्य कार्यकारिणी चुनाव लड़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे चैंबर की कार्यप्रणाली में अधिक सदस्यों की भागीदारी का मार्ग खुलेगा। गोयल ने भोपाल मास्टर प्लान के ड्राफ्ट पर व्यापारियों से 15 अक्टूबर तक सुझाव और आपत्तियां चैंबर को देने की अपील की। प्राप्त सुझावों को संबंधित विभागों और शासन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। सभा का संचालन अजय देवनानी ने किया।

गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई

दहेज प्रताड़ना के आरोपों पर सीबीआई ने दी जानकारी

- जांच में दहेज के लिए प्रताड़ित करने के साक्ष्य नहीं मिलने की बात कही
- न्यायालय ने आवेदन से संबंधित तथ्य हटाने के निर्देश दिए, अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के चर्चित ट्विशा शर्मा मृत्यु मामले में जेल में बंद पूर्व न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका पर बुधवार को जबलपुर उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की ओर से न्यायालय को बताया गया कि जांच के दौरान ऐसे साक्ष्य नहीं मिले हैं, जिनसे यह साबित हो कि गिरिबाला सिंह ने अपनी बहू ट्विशा सिंह को दहेज के लिए प्रताड़ित किया था।

सीबीआई के इस पक्ष के बाद न्यायालय ने गिरिबाला सिंह के अधिवक्ताओं को जमानत आवेदन से दहेज प्रताड़ना से संबंधित तथ्य हटाने के निर्देश दिए। हालांकि, बुधवार को उन्हें जमानत नहीं मिली और वह फिलहाल जेल में रहेंगी। मामले की अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी। ट्विशा शर्मा की 12 मई की रात भोपाल के कटारा हिल्स स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हुई थी। उनका विवाह 9 दिसंबर 2025 को हुआ था। मृत्यु विवाह के करीब पांच महीने बाद हुई। ससुराल पक्ष ने इसे आत्महत्या बताया था, जबकि मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया था। मृत्यु के बाद पहले शव परीक्षण को लेकर सवाल उठे थे। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 24 मई को दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सकीय दल ने दोबारा शव परीक्षण किया था। चिकित्सकीय जांच में आत्महत्या की बात सामने आने और शरीर पर मारपीट के निशान नहीं मिलने की जानकारी दी गई थी। मामले में पहले भी गिरिबाला सिंह की जमानत का विरोध किया गया था। अब उच्च न्यायालय में अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी।

शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में उज्जैन संभाग के शिक्षकों का प्रदर्शन



- नीलम पार्क में अनिश्चितकालीन धरने में शामिल हुए शिक्षक
- तमिलनाडु और जम्मू-कश्मीर की तर्ज पर छूट देने की मांग

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में चल रहे शिक्षकों के आंदोलन में बुधवार को उज्जैन संभाग के बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। राजधानी के नीलम पार्क में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के नेतृत्व में चल रहे अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन के चौथे दिन शिक्षकों ने सरकार से उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की।

शिक्षक नेताओं ने मांग की कि तमिलनाडु और जम्मू-कश्मीर की तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से छूट देने का प्रस्ताव पारित किया जाए। उनका कहना है कि लंबे समय से शासकीय सेवा में कार्यरत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता का विषय गंभीर है। शिक्षकों ने सरकार से इस संबंध में सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की।

आंदोलन के दौरान शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने के साथ प्रथम नियुक्ति की तारीख से सेवा अवधि की गणना करने और इलेक्ट्रॉनिक उपस्थिति व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने की मांग भी उठाई गई। शिक्षक नेताओं ने कहा कि मांगों का निराकरण होने तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। धरने को संयुक्त मोर्चा और विभिन्न शिक्षक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं पर सरकार को शीघ्र विचार कर उचित निर्णय लेना चाहिए।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के रातीबड़ क्षेत्र में 19 वर्षीय युवती ने अपने साथी मजदूर पर शादी का भरोसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार युवती और आरोपी दोनों मूल रूप से दमोह जिले के रहने वाले हैं और रातीबड़ क्षेत्र की एक निर्माणाधीन इमारत में मजदूरी करते थे। काम के दौरान दोनों के बीच पहचान हुई और बाद में दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई। दोनों निर्माण स्थल पर ही रहते थे। युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब एक वर्ष पहले आरोपी ने शादी करने का भरोसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। इसके बाद भी आरोपी लगातार विवाह का आश्वासन देता रहा और दोनों के बीच कई बार संबंध बने। युवती का आरोप है कि जब उसने हाल ही में आरोपी से विवाह करने की बात कही तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद युवती ने रातीबड़ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी देवराज यादव के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से आरोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने वरिष्ठ प्रचारक के निधन पर जताया शोक

भोपाल। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एम.ए. कृष्णन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एम.ए. कृष्णन का जीवन राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहा। उन्होंने अपने कार्यों के माध्यम से समाज और राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे हमेशा स्मरण किया जाएगा।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक वृत्त 06 मिसरोद, तहसील-कोलार, जिला-भोपाल, म.प्र.

क्र.02/रा.नि./2026 भोपाल, दि. 29/09/2026

सूचना-पत्र

प्रति, 1-श्री सुदर्शन कुमार सेठी आ.स्व.एन.आर.सेठी पता ई 4/192 अरेरा कालोनी भोपाल 2-श्री रोहित कुमार सेठी आ. सुदर्शन कुमार सेठी पता ई 4/192 अरेरा कालोनी भोपाल 2-श्री मनीष परयानी पिता ईश्वरदास परयानी पता चुनाभट्ठी भोपाल 3-श्री रवि सेठी आ. एम. आर. सेठी नि. ई-4/192 अरेरा कालोनी भोपाल 4-श्रीमती रमाकन्ना पत्नी हरीशचन्द्र निवासी ई-3/121 अरेरा कालोनी भोपाल 5-श्रीमती नीलिमा चिखले पत्नी स्व. अविनाश चिखले अमित चिखले श्रीमती अमिता पुरन्दरे आ.स्व. अविनाश चिखले पता 497 रोहित नगर 6-असनानी बिल्डर्स एंड डेवलपर्स द्वारा विशन असनानी, विकास गजवानी पिता मनोहर गजवानी पूनम गजवानी पत्नि विकास गजवानी पता भोपाल 7-श्री कमलेश महावर पुत्र राकेश महावर व अन्य सहखातेदार पता भोपाल 8-श्री विकास गजवानी पिता मनोहर गजवानी, नीलिमा सोनेर पत्नि संदीप सिंह सोनेर पता भोपाल 9-श्रीमती रंजीता जोगी पति राहुल कुमार जोगी पता बी-9 सिम्नेचर सिटी कटारा हिल्स भोपाल 10-मेसर्स डी वाय बिल्डकॉन द्वारा भागीदार वेदंद्र कुमार चौहान आ. स्व. शिवचरण चौहान एवं श्रीमती गीता विश्वकर्मा पत्नी शिवराम विश्वकर्मा पता बी 16 पेबल बे बागमुगालिया 12-श्री रामविनय करसोलिया आ. जे.पी. करसोलिया पता जबलपुर 13-श्रीमती त्रिवेणी वन्सोरिया पत्नि गोपाल प्रसाद वन्सोरिया पता अरेरा कालोनी भोपाल 14-सर्वसाधारण एवं समस्त हितबद्ध पक्षकार आप सभी उपरोक्त दर्शित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील-कोलार जिला भोपाल के रा.प्र.क्रं. 0187/अ-3/2026-27 में आवेदकगण 1-श्री सुदर्शन कुमार सेठी आ. स्व. श्री एम.आर.सेठी 2-श्री रोहित कुमार सेठी आ. सुदर्शन कुमार सेठी पता ई 4/192 अरेरा कालोनी भोपाल द्वारा ग्राम बागमुगालिया, प.ह.नं.21 रा.नि.सर्किल 06 मिसरोद तहसील कोलार जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा नं. 460/7 रकबा 0.1500 हेक्टेयर एवं 460/11 रकबा 0.1050 हे. का राजस्व अभिलेख नवशे में बटान दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसका न्यायालय के आदेश पालन में राजस्व अभिलेख नवशे में बंटान दर्ज करने की कार्यवाही का स्थल का सीमांकन कर नवशा बंटान, पंचनामा, सूचना-पत्र के साथ जांच प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। अतः उपरोक्त कार्यवाही दिनांक 05/10/2026 को आवेदित स्थल पर की जायेगी। जिसके संबंध में सूचना पत्र जारी किया गया।

राजस्व निरीक्षक
तहसील कोलार जिला भोपाल

1825

नाम परिवर्तन सूचना

नाम परिवर्तन सूचना मैं FARHA KHAN आत्मजा JAMEEL KHAN आयु व्यस्क निवासी C-1 BAGH UMRAO DULHA BHOPAL (M.P.) जो कि मेरे शादी के पहले दस्तावेज मे दर्ज था लेकिन अभी मेरे अन्य दस्तावेजों में FARHA JAMEEL पत्नी GUFRAN ALI दर्ज है जो कि सही है लेकिन मेरे पासपोर्ट में FARHA KHAN आत्मजा JAMEEL KHAN दर्ज है जो कि पहले के दस्तावेज के हिसाब से पासपोर्ट में त्रुटि पूर्ण दर्ज हो गया था, FARHA KHAN एवं FARHA JAMEEL दोनों एक ही व्यक्ति है, अतः भविष्य में अब मैं FARHA JAMEEL पत्नी GUFRAN ALI 1826

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Sana Khan D/O Mohammad Naseem W/O Mohammad Mansoor Maliq Khan R/O D-12/A, निवासी- डी-12/ए, BDA कालोनी कोहेफिजा भोपाल 462001 (मध्य प्रदेश) यह घोषणा करती हूं कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों (10th मार्कशीट) की मेरा नाम Sana D/O Mo Naseem लिखा है जिसे मैंने शादी के बाद बदलकर नया नाम Sana Khan D/O Mohammad Naseem W/O Mohammad Mansoor Maliq Khan रख लिया है अब मुझे इसी नए नाम से जाना व पहचाना जाए। 1827

जाहिर सूचना

दुकान क्रमांक-एफ-21, प्रथम तल जोकि बहुमंजिला भवन श्री मारूति नंदन कॉम्पलेक्स, ग्राम बावडिया कलॉ, वार्ड नम्बर- 52, तह. हुजुर जिला भोपाल

संबधित सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती निष्ठा तिवारी, वयस्क, पत्नी स्व. धमेन्द्र तिवारी, निवासी 387-388 त्रिलंगा गुलमोहर भोपाल ने श्रीमति आशा राणा पत्नी आर. एस. राणा, निवासी-456 सदक न.-1, सुभाष नगर वार्ड नम्बर-2 दुर्ग के स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक किता पक्का आर.सी.सी. की व्यवसायिक छतदार दुकान क्रमांक-एफ-21, प्रथम तल जोकि खसरा नम्बर-60/1, 73, एवं 74 कुल रकबा 10.70 एकड के अंश भाग पर निर्मित बहुमंजिला भवन श्री मारूति नंदन कॉम्पलेक्स, ग्राम बावडिया कलॉ, पहन-42, रा.नि.मं-4, विकास खंड फन्दा, वार्ड नम्बर-52, तह. हुजुर जिला भोपाल में स्थित है को क्रय करने हेतु अनुबंध कर बयाना धनराशि का भुगतान कर दिया है। उपरोक्त दुकान अथवा उसके किसी भाग पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय, अशासकीय, वित्तीय संस्था, बैक, सोसायटी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, ऋण, भार, दान, बंधक हो या अथवा इस हस्तांतरण/विक्रय में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस की समयावधि में मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित हो, आपत्ति प्रस्तुत करे, समयावधि पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य न होकर मेरे पक्षकारा पर बंधनकारी नहीं होगी एवं मेरी पक्षकारा उक्त दुकान का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र रहेगी।

अनूप कुमार कुरचानियॉ
239/117, सनी पैलेस, जोन-1, एम. पी. नगर भोपाल फोन न. 9827539669

1828

जाहिर सूचना

क्रमांक-एफ-20, प्रथम तल जोकि बहुमंजिला भवन श्री मारूति नंदन कॉम्पलेक्स, ग्राम बावडिया कलॉ, वार्ड नम्बर- 52, तह. हुजुर जिला भोपाल

संबधित सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती निष्ठा तिवारी, वयस्क, पत्नी स्व. धमेन्द्र तिवारी, निवासी 387-388 त्रिलंगा गुलमोहर भोपाल ने श्रीमती लता बैस, पत्नी स्व. सूर्यभान सिंह बैस निवासी 20 गणति विहार बोरसी वार्ड-51 दुर्ग के स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक किता पक्का आर.सी.सी. की व्यवसायिक छतदार दुकान क्रमांक-एफ-20, प्रथम तल जोकि खसरा नम्बर-60/1, 73, एवं 74 कुल रकबा 10.70 एकड के अंश भाग पर निर्मित बहुमंजिला भवन श्री मारूति नंदन कॉम्पलेक्स, ग्राम बावडिया कलॉ, पहन-42, रा.नि.मं-4, विकास खंड फन्दा, वार्ड नम्बर-52, तह. हुजुर जिला भोपाल में स्थित है को क्रय करने हेतु अनुबंध कर बयाना धनराशि का भुगतान कर दिया है। उपरोक्त दुकान अथवा उसके किसी भाग पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय, अशासकीय, वित्तीय संस्था, बैक, सोसायटी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, ऋण, भार, दान, बंधक हो या अथवा इस हस्तांतरण/विक्रय में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस की समयावधि में मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित हो, आपत्ति प्रस्तुत करे, समयावधि पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य न होकर मेरे पक्षकारा पर बंधनकारी नही होगी एवं मेरी पक्षकारा उक्त दुकान का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र रहेगी ।

अनूप कुमार कुरचानियॉ
239/117, सनी पैलेस, जोन-1, एम. पी. नगर भोपाल फोन न. 9827539669

1829

कार्यालय राजस्व निरीक्षक
कोलार,तहसील कोलार जिला भोपाल
आवेदक क्रमांक 0228RD54-APP-29731188
क्रमांक Q/2026 भोपाल दिनांक 28/09/2026

सूचनापत्र (वास्ते बटांन)

प्रति, 1. श्री हीरानन्द पुत्र अठदूमल निवासी भोपाल। 2. श्री पंकज लालवानी पिता स्व. घनश्यामदास लालवानी नि. भोपाल। 3. श्री शिवलदास पुत्र अठदूमल निवासी भोपाल। 4. श्रीमती नीता चौहान पुत्र स्व. रामवल्लभ चौहान व अन्य निवासी भोपाल। 5. श्री अभिजीत सिंह श्री अभिषेक सिंह पुत्रगण राजेन्द्र सिंह नि. भोपाल। 6. श्री मुकेश नायक आ. विहारीलाल नायक नि. भोपाल। 7. सर्वसाधारण एवं समस्त हितबद्ध पक्षकारी को सूचनार्थ विषय :- सीमांकन किये जाने बाबत् सूचना पत्र । संदर्भ :-न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोलार जिला भोपाल के रा.प्र.क्र./अ-12/2026-27 दिनांक के संबंध में। उपरोक्त विषयांतर्गत ग्राम बावडियाकंला प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. वृत्त 04 तहसील कोलार जिला भोपाल की भूमि खसरा क्रमांक 56/2/49-56/ख/2/4 रकबा 0.0650 हेक्टेयर कुल रकबा 0.0650 हेक्टेयर जो कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती अनीता शीतलानी पिता/पति स्व. श्री परमानन्द शीतलानी निवासी 21 अमीरगंज भोपाल के नाम से है, का सीमांकन संदर्भित प्रकरण में राजस्व निरीक्षक कोलार, जिला भोपाल द्वारा दिनांक 06/10/26 को समय 11:00 AM बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस हेतु आप लोग मौके पर सीमांकन के समय उपस्थित रहे। यदि सूचना पत्र तामीली उपरांत आप लोग अनुपस्थित रहते है तो सीमांकन कार्य आपकी अनुपस्थिति की दशा में स्वनित नहीं किया जावेगा। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी भूमिस्वामी के पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में करा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
तहसील कोलार जिला भोपाल

1830

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय)नगरीय पुलिस भोपाल

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/ रनि/निविदा/577/26 **दिनांक :-28/09/2026**

ई-निविदा सूचना

'मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022' के नियमानुसार नगरीय पुलिस भोपाल क्षेत्रांतर्गत अग्निशामक यंत्र क्रय किये जाने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सामग्री का विवरण	निविदा शुल्क	अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित)	ईएमडी
1	वाहन में उपयोग होने वाले अग्निशामक यंत्र 02 किलो -150 नग	2,000/-	4,87,500/-	25,500/-
2	थानों में उपयोग हेतु अग्निशामक यंत्र 09 किलो-50 नग		3,55,000/-	
	कुल योग राशि		**8,42,500/-**	

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेगी ।
2. निविदा शुल्क एवं ईएमडी ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

समय सारणी :-

निविदा पब्लिकेशन दिनांक	दिनांक 28/09/2026 के 18.00 बजे
निविदा डाउनलोड करने की दिनांक	दिनांक 28/09/2026 के 18.00 बजे से
निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक	दिनांक 19/10/2026 के 18.00 बजे तक
निविदा खोलने की दिनांक	दिनांक 21/10/ 2026 के 12.00 बजे
प्रिबिड मीटिंग	दिनांक 08/10/ 2026 के 12.00 बजे
प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान	पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल

पुलिस उपायुक्त,
(मुख्यालय) नगरीय पुलिस, भोपाल

जी-19261/26